न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जमवारामगढ़, जिला जयपुर, राज0
बइजलास श्री चिमनलाल मीना R.A.S

मिसल नं.	तारीख दायर	तारीख फैसला
61 / 2020	31 / 07 / 2020	29 / 03 / 2023

उनवान –

1. छोटेलाल पुत्र मोतीराम आयु 53 साल जाति गुर्जर, निवासी ग्राम नांगलतुलसीदास, तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर राज0।

प्रार्थी

बनाम

1 नानूराम पुत्र गोपीराम
2 भौरीलाल पुत्र गोपीराम
3 रामप्रताप पुत्र गोपीराम
समस्त आयु वयस्क समस्त जाति यादव समस्त निवासीयान ग्राम नांगलतुलसीदास तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर राज0।
4 राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर राज0।

अप्रार्थीगण

उपस्थित अभिभाषक
श्री रमाशंकर शर्मा – वकील प्रार्थी

प्रार्थनापत्र बाबत् अन्तर्गत धारा 251–ए राज.काश्तकारी अधिनियम 1955

–:निर्णय :–

प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता श्री रमाशंकर शर्मा के प्रार्थनापत्र विरूद्ध अप्रार्थीगण पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थी की शामलाती खातेदारी काश्त की भूमि ग्राम नांगलतुलसीदास तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर में खसरा नम्बर 352 रकबा 0.8200 हैक्टेयर स्थित है। उक्त वर्णित भूमि प्रार्थी की खातेदारी व कब्जेकाश्त की भूमि है जिस पर प्रार्थी साधिकार काबिज होकर काश्त करते चले आ रहा है। प्रार्थी उक्त वर्णित भूमि मे आने जाने हेतु रास्ता खसरा नम्बर 347 रकबा 2.0100 हैक्टेयर से होते हुये प्रार्थी के खातेदारी काश्त की भूमि खसरा नम्बर 352 स्थित ग्राम नागलतुलसीदास तहसील जमवारामगढ जिला जयपुर मे उत्तर से दक्षिण की ओर कदीमी से आते–जाते रह है तथा उक्त कदमी रास्ते के उत्तर दिशा की ओर आने–जाने का आम रास्ता है जो राजस्व रिकार्ड नक्शे में अंकित है। जिसका उपयोग उपभोग भी प्रार्थी करने का स्वतंत्र है। उक्त आम रास्ता से उपर वर्णित खसरा नम्बर 347 में से होकर कदीमी रास्ता प्रार्थी के कृषि भूमि मे जाता है। जिसको प्रार्थी लम्बे अर्से से उपयोग उपभोग करते आ रहा है। उक्त रास्ते को प्रार्थना पत्र मे साथ राजस्व नक्शे मे हरी लाईन द्वारा स्पष्टता दर्शित किया गया है किन्तु इसके बावजूद भी अप्रार्थीगण प्रार्थी के आवागमन के एकमात्र रास्त पर जबरन पुख्ता निर्माण कर बन्द करने पर आमादा हो गये। अत खसरा नम्बर 347 में से उत्तर से दक्षिण की ओर प्रार्थी की भूमि खसरा नम्बर 352 रकबा 0.8200 हैक्टेयर में आने जाने के लिये संलग्न नजरी नक्शें मे हरे रंग से दर्शित रास्ते के अनुसार राजस्व नक्शें में गैर मुमकिन रास्ता अंकित करने की कृपा करें।

उपखण्ड अधिकारी
जमवारामगढ़, जिला जयपुर